हिंदी उत्सव 2022

उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली में साहित्य परिषद और भाषा एवं संस्कृति विभाग जिला शिमला के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी भाषा पखवाड़े के अंतर्गत हिंदी उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर चंद्रभान मेहता विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में हिंदी विषय पर आधारित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, वहीं हिंदी विषय पर आधारित नारा लेखन और पोस्टर का निर्माण किया गया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भारी तादाद में इस प्रतियोगिता में भाग लिया । जिसमें 25 प्रतिभागी नारा लेखन 28 प्रतिभागी पोस्टर निर्माण और 24 प्रतिभागियों ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता के प्रतिभागियों में पूजा , सुशीला, चाहत, सुदीक्षा, वेद प्रिया ,हर्ष ठाकुर, वैशाली, समीक्षा ,सूरज आकांक्षा ,याशिका, अमीषा ठाकुर ,जागृति, निहारिका , तमन्ना ,मानता ,आयुष , आयुष ठाकुर, गगनजीत प्रेमी और प्रियंका शर्मा ने भाग लिया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ सत्यनारायण स्नेही और डॉक्टर बबीता ठाकुर ने किया साथ ही डॉक्टर ओम प्रकाश कॉल और डॉ अमृत मेहता निर्णायक की भूमिका में रहे । इस प्रतियोगिता के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चाहत ,दूसरे स्थान पर हर्ष ठाकुर और तीसरा स्थान समीक्षा शर्मा ने प्राप्त किया। वहीं पोस्टर निर्माण में लीजा को पहला ,वरुण को दूसरा और अंबिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। नारा लेखन में रश्मि पहले महक दूसरे और रिया तीसरे स्थान पर रही महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सी बी मेहता ने कहा इस तरह की गतिविधियों में इस तादात में विद्यार्थियों की भागीदारी से यह प्रमाणित हो जाता है कि हमारी अगली पीढ़ी में रचनात्मकता और अभिव्यंजना के प्रति सजगता है। ऐसे आयोजन जहां विद्यार्थियों को मंच प्रदान करते हैं साथ ही उनके अंदर आत्मविश्वास जागृत करते हैं। इस कार्यक्रम में विजेताओं को भाषा संस्कृति विभाग द्वारा नगद पुरस्कार दिया गया और साहित्य परिषद राजकीय महाविद्यालय संजौली के द्वारा अगले आयोजन में इन को पुरस्कृत किया जाएगा। जिला भाषा अधिकारी अनिल हारटा का धन्यवाद किया गया जिन्होंने इस कार्यक्रम को बेहतर ढंग देने के लिए साहित्य परिषद का सहयोग किया।

Dr. S.N. Snehi
Hindi